मेरी भी किसी को परवाह है

अपना भी कोई है दुनिया में मुझको भी यकीन आ जाये माँ,
एक बार जो तू बेटा कह के मुझको आवाज लगाए माँ,
मेरी भी किसी को परवाह है मुझको भी यकीन आ जाये माँ,

मैं रोज तेरे दर आता हु माँ माँ कह के बतयता हु,
तू देती कोई जवाब नहीं लाचार सा मैं रह जाता हु,
कुछ मेरा भी तुझसे नाता है मुझको भी यकीन हो जाये माँ,
एक बार जो तू बेटा कह के मुझको आवाज लगाए माँ,

फूलो पे सिंघासन तेरा माँ काँटों पे विशोना मेरा है,
तेरे घर में रोज दिवाली है मेरे घर में गौर अँधेरा है,
एक नजर तेरी जो हो जाये मुझे को भी सबर आजाये माँ,
एक बार जो तू बेटा कह के मुझको आवाज लगाए माँ,

भूखा रह जाती है मैया पर भूखा नहीं रहने देती
बेटे की आँखों से मैया कोई आंसू नहीं गिरने देती,
थोड़ा सा जो तेरा प्यार मिले तो दुनिया मुझे मिल जाये माँ,
एक बार जो तू बेटा कह के मुझको आवाज लगाए माँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4356/title/meri-bhi-kisi-ko-parwah-hai-mujhko-bhi-yakeen-aa-jaye-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |